# युवा • शिक्षा • अवसर

दैनिक भास्कर, जमशेदपुर, मंगलवार, 24 जून, 2025

नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी • तीसरे दीक्षांत समारोह में 1500 स्टूडेंट्स को दी गई डिग्री, 50 को गोल्ड मेडल

# हर छात्र इतना सक्षम बने कि वह नौकरी करने वाला नहीं, देने वाला हो : गिरिराज

एजुकेशन रिपोर्टर | जमशेदपुर



नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के दौरान मंच पर अतिथियों के साथ मेधावी स्टूडेंट्स।

युवाओं की ऊर्जा और शिक्षा का सही उपयोग देश को सशक्त बनाएगा। हर विद्यार्थी इतना सक्षम बने कि वह नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला हो। यह बातें सोमवार को नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय (एनएसयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा- आज हर युवा को प्रण लेना चाहिए कि वे अपनी पहली सैलरी माता-पिता को देंगे। वे आज जो भी हैं, उनकी मेहनत की वजह से हैं। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे संपूर्ण समाज को विकसित बनाया जा सकता है। जमशेदपुर उन शहरों में शामिल है, जहां हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। एनएसयू भी इसी का हिस्सा है। जमशेदपुर में ऐसे निजी विवि का होना युवाओं के लिए अच्छी बात है। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा- यहां से डिग्री-डिप्लोमा लेकर जरूर जाइए, लेकिन इसके फाउंडर एमएम सिंह से भी सीखिए, जिन्होंने इतने कम समय पर शिक्षण संस्थानों की एक चेन (शृंखला) स्थापित कर दी। यहां 20 हजार से अधिक स्टूडेंट्स अध्ययनरत हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा- 2047 तक भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसमें युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसे में युवा स्टार्टअप बनाने पर ध्यान दें। आज देश में 100 ऐसे स्टार्टअप हैं, जो यूनिकॉर्न बन गए हैं। इन स्टार्टअप में बड़ी संख्या में महिलाएं काम कर रही हैं, जो एक सुखद पहलु है। विशिष्ट अतिथि कोल्हान विवि की पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती ने कहा- कम समय में एनएसयू ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह काबिलेतारीफ है। इसके पहले एनएसयू के कुलपति डॉ प्रभात कुमार पाणि ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। परीक्षा नियंत्रक प्रो. मोइज अशरफ ने परीक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और वार्षिक रिपोर्ट साझा की। कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को दीक्षांत संकल्प दिलवाया।

## एनएसयू में 8 हजार स्टूडेंट्स कर रहे पढ़ाई, यह बड़ी उपलब्धि : कुलाधिपति

एनएसयू के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने कहा- जब विश्वविद्यालय की स्थापना की योजना बनी, तब देखा गया कि संसाधनों की कमी की वजह से यहां के कई स्टूडेंट्स गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं। मेधावी स्टूडेंट्स आधारभूत ढांचे की कमी के कारण पलायन कर रहे थे। इसी सोच से नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की नींव रखी गई और आज विश्वविद्यालय में 8000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है, जो हमने बहुत कम समय में हासिल किया है। एनएसयू के साथ ही स्कूल व मेडिकल कॉलेज भी खोल रहे हैं। आने वाले समय में इनका और विस्तार होगा।

## 2023 व 2024 के पासआउट 1500 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री

तीसरे दीक्षांत समारोह में 2023 और 2024 के स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के 1500 से अधिक विद्यार्थियों ....को डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि द्वारा 50 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 50 को सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। मेडल व डिग्री पाने वाले स्टूडेंट्स के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा समारोह का मुख्य आकर्षण

इस दीक्षांत समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। इसमें विवि के अलग-अलग संकाय के विद्यार्थियों द्वारा गीत, संगीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसमें झारखंडी संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। उपस्थित सभी अतिथियों ने इसका लुत्फ उठाया।

## कैंपस अपडेट

### किंडरगार्टन के बच्चों ने किया योग



जमशेदपुर | कारमेल जूनियर कॉलेज में सोमवार को किंडरगार्टन के बच्चों ने उत्साह के साथ योग दिवस मनाया। इसमें योग शिक्षिका बिंदु ने बच्चों व शिक्षकगणों को शेर की सांस लेने से लेकर वृक्ष मुद्रा में रहकर बेहतर योग का प्रशिक्षण दिया। प्री-प्राइमरी को-ऑर्डिनेटर सिस्टर माया पीटर ने योग प्रशिक्षक को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल सिस्टर शारेल भी शामिल हुईं।

### योग व संगीत में दिखाया हुनर



जमशेदपुर | नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल (एनएचईएस) में सोमवार को योग और संगीत दिवस मनाया गया। इसमें बच्चों ने पिरामिड योग, लयबद्ध योग और वाद्य संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शारीरिक कल्याण और संगीत की भूमिका को अहम बताया गया।

### स्टूडेंट्स को नशे के दुष्प्रभाव बताए

जमशेदपुर | नशा मुक्ति सप्ताह के तहत जिला प्रशासन ने सोमवार को एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में करीब 400 स्टूडेंट्स और शिक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके साथ नशे से होने वाले नुकसान और इसके दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई।